कार्यालय प्रभारी शारीरिक शिक्षा

पत्रांकः शा०शि०/2930

दिनांकः जून 13,2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव

योग कार्यक्रम

विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षको, वैज्ञानिको, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं कर्मियों को यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि **दिनांक 21 जून, 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर** शारीरिक शिक्षा अनुभाग के स्टीवेन्सन स्टेडियम में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्‌घाटन माननीय कुलपति जी द्वारा प्रातः 05:30 बजे किया जायेगा। बाह्य विशेषज्ञों द्वारा योग कार्यक्रम का संचालन किया जायेगा।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर योग कार्यक्रम का लाभ उठायें।

दिनांक–21जून, 2022 **समय – प्रात 5:30 से 7:30 तक**

स्थान – स्टीवेन्सन स्टेडियम।

नोट –विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं विशिष्ट व्यक्तियों के अतिरिक्त समस्त प्रतिभागियों से अनुरोध है कि अपने–अपने प्रयोग हेतु योगा मैट/चादर साथ लेकर आने का कष्ट करें।

13/06/22

(पूनम त्यागी)
प्रभारी,शारीरिक शिक्षा

प्रतिलिपि :-

1. समस्त अधिष्ठाता/निदेशक/ नियंत्रक/संस्थापनाधिकारी/ मुख्य कार्मिक अधिकारी/ वि०वि० पुस्तकालयाध्यक्ष/ मुख्य महाप्रबन्धक, फार्म हल्दी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपने अधीनस्थ समस्त कर्मियों को उक्त योग कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु सूचित करने का कष्ट करें।
2. महाविद्यालयों/प्रशासनिक भवन/वि०वि० पुस्तकालय/कुलसचिव/छात्र कल्याण विभाग/छात्रावास के सूचना पट्‌ट पर।
3. समस्त क्रीड़ा स्टाफ काउन्सलरों एवं सह निदेशक, शा० शि० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. प्रभारी अधिकारी विश्वविद्यालय वेब साइड को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. निदेशक संचार महोदय कों इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को पंन्तनगर जनवाणी में प्रसारित करवाने की कृपा करें।
6. अधिष्ठाता छात्र कल्याण महोदय को कृपया सूचनार्थ।
7. कुलपति जी के निजी सचिव को कृपया कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।